प्रसार भारती
भारतीय प्रसारण निगम
आकाशवाणी केन्द्र शिमला
02.11.2024 / प्रादेशिक समाचार / 09.20 बजे

पुलिस भर्ती

राज्य सरकार ने पुलिस भर्ती की आवेदन तिथि को बढ़ाकर 12 नवम्बर कर दिया है। राज्य सरकार के एक प्रवक्ता ने बताया कि मुख्यमंत्री सुखविंदर सिंह सुक्खू ने युवाओं के हित में ये निर्णय लिया है। उन्होंने कहा कि पिछले लगभग दो वर्ष के कार्यकाल में सरकार ने रोजगार के 31 हजार से अधिक पद सृजित किए हैं और पुलिस विभाग में एक हजार 88 पदों की भर्ती के लिए आवेदन मांगे गए हैं। पुलिस विभाग में महिलाओं को 30 फीसदी आरक्षण दिया गया है और इन पदों में से महिला कांस्टेबल के लिए 3 सौ 80 पद आरक्षित किए गए हैं। इसके अलावा कांस्टेबल भर्ती के लिए अधिकतम आयु सीमा में एक वर्ष की छूट दी गई है। इस निर्णय से अब सामान्य वर्ग के लिए आयु सीमा 18 से 26 वर्ष और आरक्षित वर्गों के लिए 18 से 28 वर्ष तय की गई है। होमगार्ड के जवान 20 से 29 वर्ष की आयु तक पुलिस कांस्टेबल की भर्ती के लिए पात्र होंगे।

जी.एस.टी.–संग्रह

वस्तु और सेवा कर–जी.एस.टी. का राजस्व संग्रह अक्तूबर माह में 9 प्रतिशत बढ़कर एक लाख 87 हजार करोड़ रुपये से अधिक हो गया। जी.एस.टी. के राजस्व संग्रह में यह दूसरी रिकॉर्ड सर्वाधिक बढ़ोतरी है। घरेलू बिक्री और बेहतर अनुपालन के कारण यह वृद्धि दर्ज की गई है। अक्तूबर माह में केन्द्रीय जी.एस.टी. के रूप में 33 हजार आठ सौ 21 करोड़ रुपये, राज्य जी.एस.टी. के रूप में 41 हजार आठ सौ 64 करोड़ रुपये और एकीकृत जी.एस.टी. 99 हजार एक सौ 11 करोड़ रुपये व उपकर बारह हजार पांच सौ 50 करोड़ रुपये एकत्र हुए। कुल सकल जी.एस.टी. राजस्व संग्रह आठ दशमलव नौ प्रतिशत से बढ़कर एक लाख 87 हजार तीन सौ 46 करोड़ रुपये हो गया। पिछले वर्ष इसी माह में जी.एस.टी. संग्रह एक लाख 72 हजार करोड़ रुपये था। इस वर्ष अप्रैल में दो लाख 10 हजार करोड़ रुपये एकत्र हुए थे। रिकार्ड जी.एस.टी संग्रह मजबूत भारतीय अर्थव्यवस्था को दर्शाता है।

अन्न कूट पर्व

कुल्लू में आज अन्नकूट पर्व पारम्परिक रिती रिवाजों के साथ मनाया जाएगा। अन्य स्थानो पर जहां इस पर्व को गोवर्धन पूजा के रूप में मनाया जाता है वही कुल्लू में इसे अन्नकूट पर्व के रूप में मनाया जाता है। इस दिन नई फसल को पकाया जाता है और भगवान रघुनाथ जी को पके हुए चावलों के ढेर पर बिठाकर उनकी पूजा की जाएगी व भोग लगाया जाएगा। बाद में पके हुए चावलों के भोग को मंदिर में आए लोगों को प्रसाद स्वरूप भंडारे के रूप में खिलाया जाएगा।

पैराग्लाडिंग–प्री वर्ल्ड कप

कांगड़ा जिला में पैराग्लाडिंग के लिए विश्व प्रसिद्ध बीड़ बिलिंग घाटी में आज से पैराग्लाडिंग प्री–वर्ल्ड कप शुरू हो रहा है। प्रतियोगिता का शुभारंभ पर्यटन विभाग के अध्यक्ष आर.एस. बाली करेंगे। प्रतियोगिता के लिए अब तक 32 देशों के एक सौ 48 पायलट ने आवेदन किया हैं। जिसमें एक सौ पांच पायलट शॉट लिस्ट लिए गए हैं। पायलटों की अंतिम सूची आज जारी की जाएगी। 9 नवम्बर तक चलने वाली इस पैराग्लाडिंग प्री वर्ल्ड कप प्रतियोगिता के विजेताओं को मुख्यमंत्री सुखविंदर सिंह सुक्खू सम्मानित करेंगे।

और अब एक नजर अखबारों की सुर्खियां  पर.....

आज समाचार पत्रों ने अलग–अलग ख़बरों को प्रकाशित किया है।

दैनिक जागरण मुख्यमंत्री सुखविंदर सिंह सुक्खू के हवाले से लिखता है–कांग्रेस सरकार वादे पूरे करने के लिए समर्पित। दिव्य हिमाचल की सुर्खी है–हर विधानसभा क्षेत्र में एक अस्पताल बनेगा आदर्श स्वास्थ्य संस्थान।

पंजाब केसरी की एक ख़बर है–हिमाचल के 4 शहरों में प्रदूषण का स्तर बढ़ा जबकि अमर उजाला ने शीर्षक दिया है–आतीशबाजी के बाद दिल्ली से हिमाचल तक धुंध की चादर।

आपका फैसला लिखता है–हिमाचल में पुलिस भर्ती की आवेदन तिथि 12 नवम्बर तक बढ़ाई। दैनिक भास्कर का कहना है–राज्य चयन आयोग ने पुलिस भर्ती की आवेदन तारीख 12 नवम्बर तक बढ़ाई।

मौसम पर पंजाब केसरी लिखता है–कुल्लू में ठंड से मौत, मनाली–लेह मार्ग पर पानी जमने से जोखिम बढ़ा, मंडी में कोहरा। अमर उजाला की सुर्खी है–नवंबर में भी हिमाचल में रिकॉर्ड गर्माहट, कल्पा 40 साल बाद सबसे गर्म।